**सुविचार**

मनुष्य की वि उसका अस्त्र, धर्म उसका रथ, सत्य उसका सारथी और भक्ति रथ के घोड़े होते हैं।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर
सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 53 | पंचकूला। सोमवार, 30 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### भाजपा-अकाली दल ने ही पंजाब के घर-घर में नशा पहुंचाया, अमित शाह को पंजाब से माफी मांगनी चाहिए: केजरीवाल

**नई दिल्ली/पंजाब.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पंजाब के घर-घर में नशा पहुंचाने के लिए लोगों से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने अमित शाह से कहा कि आपकी पार्टी भाजपा और अकाली दल की सरकार ने ही पंजाब के घर-घर में नशा पहुंचाया था। आज आप किस मुंह से नशा मुक्त पंजाब की बात कर रहे हैं? आज भगवंत मान की सरकार भाजपा-अकाली दल सरकार में नशा के दोषी मंत्रियों को जेल भेज रही है और उन्हें उनके गुनाहों की सजा मिल रही है। हमारी सरकार जनता के साथ मिलकर नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। अकाली और भाजपा के काले दौर को पंजाब न भूला है, न भूलेगा, न माफ़ करेगा। रविवार को अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री के नशा मुक्त पंजाब बनाने वाले बयान की वीडियो क्लिप एक्स पर साझा कर कहा कि अमित शाह जी, पंजाब के घर-घर में नशा पहुंचाने के लिए आपको तो पंजाब के लोगों से माफ़ी मांगनी चाहिए। भाजपाङ्क अकाली दल के काले दौर को लोग भूले नहीं हैं, जब अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर मंत्रियों के घरों में पनाह लेते थे, पेडलर्स को पुलिस गाड़ियों और हथियारबंद सुरक्षा के साथ पूरे राज्य में घुमा कर नशा घर-घर पहुंचाया जाता था। आज आप किस मुँह से नशा मुक्त पंजाब की बात कर रहे हैं? अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब हम उस दौर के दोषी मंत्रियों को जेल भेज रहे हैं, उन्हें उनके गुनाहों की सजा मिल रही है। आज पंजाब में आपकी सरकार का इंतज़ार जनता को नहीं है, बल्कि उन बड़े-बड़े नशा कारोबारियों को है, जिन्हें हमारी सरकार की सख्ती के बाद राज्य छोड़कर भागना पड़ा। केजरीवाल ने अमित शाह से कहा कि अगर आपको नशे की इतनी ही चिंता है तो पहले गुजरात में अपना डबल इंजन क्यों नहीं चलाते? मुंद्रा पोर्ट से 20,000 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई थी, आपने पोर्ट के मालिक को जेल में क्यों नहीं डाला? उन्होंने कैग की रिपोर्ट कहा कि कैग रिपोर्ट के मुताबिक गुजरात में चूहे पुलिस कस्टडी से 2300 किलो ड्रग्स खा गए। क्या ये यकीन करने वाली बात है? ज़ाहिर है कि पुलिस कस्टडी से वो चोरी करके बाज़ार में बेच दी गई और लाखों घर बर्बाद कर दिए गए।



### हिमाचल के लाहौल-स्पीति, जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में रविवार दोपहर को बर्फबारी हुई। यहां के ऊंचाई वाले इलाकों में इसका असर रहा। राज्य के पहाड़ी वाले जिलों में बर्फबारी का असर रहेगा। हिमाचल के अलावा जम्मू-कश्मीर में भी बर्फबारी की संभावना है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में आज बारिश के साथ-साथ ओले गिरने की संभावना है। राजस्थान में 31 मार्च तक बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। आज चंडीगढ़ में भी बारिश हुई है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, रायबरेली और अमेठी में शनिवार को ओले गिरे। प्रयागराज और वाराणसी में बारिश हुई। प्रतापगढ़ में आंधी से एक पोल उखड़कर खड़ी कार पर जा गिरा। मध्य प्रदेश में 29 मार्च से आंधी-बारिश का एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है। इसका असर करीब 3 दिन तक रहेगा। भोपाल, उज्जैन समेत 40 जिलों में अलर्ट है। वहीं राजस्थान में 31 मार्च तक बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। रविवार को 4 जिलों में ओले गिरने का भी अलर्ट है। बीकानेर संभाग के इलाकों में शनिवार दोपहर बाद बूंदाबांदी के साथ तेज हवा चली।

### पंजाब के मलेरकोटला में 2 आतंकी गिरफ्तार

**मलेरकोटला।** पंजाब के मलेरकोटला से पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की पहचान अब्बू गाबा और उस्मान के रूप में हुई है। इन्हें शेरवानी कोटे गांव से शनिवार को गिरफ्तार किया गया जहां वे पिछले कई वर्षों से किरायेदार के रूप में रह रहे थे। इसके साथ ही 5 साल से मजदूरी भी कर रहे थे। इस मामले में बड़ा खुलासा उस समय हुआ जब युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत पकड़े गए एक स्थानीय नशा तस्कर से पूछताछ की गई। जांच के दौरान सामने आए इनपुट के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान जम्मू-कश्मीर में वांछित आतंकियों से मेल खाती पाई गई। मलेरकोटला पुलिस की ष्ट्ढ्ढ विंग की टीम ने शनिवार को गांव में छापा मारकर दोनों को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्हें आगे की जांच के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। फिलहाल इस मामले में पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है।

### कमर्शियल वाहनों के जाली नो-एंट्री परमिशन रैकेट का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की पूर्वी रेंज के नंद नगरी सर्कल के चौकस ट्रैफिक स्टाफ ने कमर्शियल वाहनों के लिए जाली 'नो-एंट्री परमिशन' (एनईपी) बनाने और इस्तेमाल करने के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में एक ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है और एक लाइट गुड्स व्हीकल जब्त कर लिया गया है। सूचना मिली थी कि कुछ कमर्शियल वाहन चालक प्रतिबंधित समय में वाहन चलाने के लिए जाली और मनगढ़ंत नो-एंट्री परमिशन का सहारा ले रहे हैं। इस पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने विशेष ब्रीफिंग और सख्त प्रवर्तन अभियान शुरू किया। 27 मार्च 2026 को शाम लगभग 6ञ्00 बजे, नंद नगरी सर्कल के ट्रैफिक स्टाफ को वजीराबाद रोड पर लोनी गोलचक्कर के पास ड्यूटी पर तैनात किया गया था। जांच के दौरान आरोपी की पहचान मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद जमील के रूप में हुई।



# ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च

- **3,300 जगह प्रदर्शन, ईरान वॉर और महंगाई को लेकर पद से हटाने की मांग**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**वाशिंगटन.** अमेरिका में शनिवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए। आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला, नारे लगाए और ट्रंप प्रशासन की आलोचना करने वाले पोस्टर-बैनर लहराए। उनका खास निशाना प्रशासन की आव्रजन से जुड़ी सख्त कार्रवाई और ईरान के साथ चल रहे विवाद में उसकी भूमिका थी। कई शहरों में प्रदर्शनकारी मुख्य सड़कों पर कतार बनाकर खड़े हो गए, जबकि कुछ लोग सार्वजनिक चौराहों पर इकट्ठा होकर एक साथ नारे लगाते हुए और तख्तियां लहराते हुए विरोध जता रहे थे।




सेंट पॉल (मिनेसोटा) में हुई रैली इस दिन का सबसे अहम कार्यक्रम था। इसमें कई जाने-माने राजनेता और मशहूर सांस्कृतिक हस्तियां शामिल हुईं। गवर्नर टिम वॉल्ज ने भीड़ को संबोधित किया और सिंगर ब्रूस स्प्रिंगस्टीन का परिचय कराया, जिन्होंने इस मौके पर एक गीत भी गाया। सीनेटर बर्नी सैंडर्स, जोन बेज, मैगी रोजर्स और जेन फोंडा जैसी कई अन्य जानी-मानी हस्तियां भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लॉस एंजिल्स, शिकागो और सैन फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी विभिन्न मांगें रखीं, जिनमें आव्रजन नीतियों का विरोध, आर्थिक मुद्दे और प्रशासन की व्यापक आलोचना शामिल थी।लॉस एंजिल्स में सिटी हॉल के बाहर इकट्ठा होने के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने शहर की सड़कों पर मार्च निकाला। ह्यूस्टन में, प्रदर्शनकारी शहर के मुख्य इलाके से होते हुए अमेरिकी संविधान की एक विशाल प्रतिकृति (कॉपी) लेकर निकले। आयोजकों के मुताबिक, यह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का एक प्रतीकात्मक प्रदर्शन था। कुछ प्रदर्शनों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण और अमेरिकी संविधान की प्रतिकृति लेकर चलने जैसे प्रतीकात्मक कार्य भी शामिल थे। एक प्रतिनिधि जॉन लार्सन ने कहा, आज हम यहां यह कहने के लिए इकट्ठा हुए हैं कि अमेरिका में कोई राजा नहीं होता।

उन्होंने प्रशासन की ओर से सत्ता के दुरुपयोग पर चेतावनी देते हुए आगे कहा, अगर हम, यानी आम लोग एकजुट रहें और अपनी आवाज उठाते रहें, तो हमें कोई हरा नहीं सकता। सीनेटर क्रिस्टिन गिलिब्रैंड ने कहा कि अमेरिका में हम किसी राजा के सामने सिर नहीं झुकाते। उन्होंने कहा, हमारे राष्ट्रपति को किराने के सामान की कीमतें कम करने, स्वास्थ्य सेवा को किफायती बनाने और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए कि हर परिवार आगे बढ़ सके, न कि अपनी स्थिति का इस्तेमाल अपने निजी ब्रांड को चमकाने के लिए करना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम इस प्रतिबंध को लागू करें।

### व्हाइट हाउस बोला- प्रदर्शन से लोगों को फर्क नहीं पड़ता

व्हाइट हाउस ने इन प्रदर्शनों को %थेरेपी सेशन% बताते हुए कहा कि आम लोगों को इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। वहीं ट्रम्प का कहना है कि उनके फैसले देश को मजबूत बनाने के लिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे %राजा% नहीं हैं और उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। सिर्फ अमेरिका ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी देखने को मिली है। पेरिस, लंदन और लिस्बन जैसे शहरों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया और उन्हें पद से हटाने की मांग की।

## लैंडिंग से ठीक पहले यात्री खोलने लगा फ्लाइट का इमरजेंसी गेट, हवा में अटकी 152 लोगों की सांसें

**वाराणसी.** वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर उतरने से ठीक पहले इंडिगो की एक फ्लाइट में उस वक्त मौत का खौफ मंडराने लगा, जब हवा में एक यात्री ने भयानक हरकत कर दी। बेंगलुरु से वाराणसी आ रहे इंडिगो के विमान (6श्व-185) में सवार एक युवक ने लैंडिंग से चंद मिनट पहले विमान का इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश की। इस अप्रत्याशित और खौफनाक हरकत को देखकर पास बैठे यात्रियों की चीख निकल गई और पूरे विमान में अफरातफरी मच गई। क्रू मेंबर्स की सूचना पर पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को दोबारा आसमान की ओर मोड़ दिया। 152 यात्रियों और दो मासूम बच्चों की जान सांसत में डालने वाले इस यात्री को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी दलील सुनकर सुरक्षा एजेंसियां भी हैरान हैं। यह रूह कंपा देने वाली घटना उस समय हुई जब विमान वाराणसी हवाई अड्डे के रनवे पर उतरने ही वाला था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 26 वर्षीय मोहम्मद अदनान नाम का एक यात्री अचानक अपनी सीट से उठा और सीधे इमरजेंसी एग्जिट की ओर बढ़ा। उसने जैसे ही गेट का लीवर खींचने की कोशिश की, पास बैठे यात्री दहशत में चिल्लाने लगे। शोर सुनकर क्रू मेंबर्स तुरंत दौड़े और उसे रोकने का प्रयास किया। सुरक्षा को सबसे ऊपर रखते हुए पायलट ने तुरंत विमान को वापस हवा में उड़ा दिया आसमान में कुछ देर चक्कर काटने और अंदर स्थिति पूरी तरह से सामान्य होने के बाद ही विमान की दोबारा सुरक्षित लैंडिंग कराई जा सकी। विमान के रनवे पर उतरते ही सीआईएसएफ के जवानों ने आरोपी यात्री को हिरासत में ले लिया और उसे फूलपुर पुलिस के हवाले कर दिया। फूलपुर थाना प्रभारी अतुल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक मोहम्मद अदनान मऊ जिले के यूसुफ पुरा मोहल्ले (दक्षिण टोला) का रहने वाला है और साड़ी बुनाई का काम करता है। पूछताछ में पता चला है कि वह 24 मार्च को मऊ से ट्रेन के जरिए गोवा घूमने गया था और शनिवार को बेंगलुरु के रास्ते वापस वाराणसी लौट रहा था।

पुलिस की शुरुआती पूछताछ में इस सिरफिरे युवक ने अपनी हरकत के पीछे 'भूत का साया' होने की अजीबोगरीब दलील दी है, जिसे सुनकर पुलिस भी चकरा गई है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गोहाना को दी बड़ी सौगात

## स्पोर्ट्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य एवं शिक्षा परियोजनाओं की घोषणा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को गोहाना विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा की। सरकार के पूरे राज्य में सबको साथ लेकर चलने वाले विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के अपने वादे को फिर से मजबूत किया। मुख्यमंत्री ने गोहाना में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली में भारी भीड़ को संबोधित करते हुए खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने ड्रेन नंबर 8 पर भगवान परशुराम विरासत पार्क के साथ जॉगिंग ट्रैक तथा जमीन मुहैया करवाने पर पीपीपी मोड पर कमर्शियल के साथ एक मल्टी-स्टोरी पार्किंग भी बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने भगत फूल सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां में पीपीपी मोड पर एक कार्डियक कैथ लैब बनाने का ऐलान किया। उन्होंने यह भी कहा कि बिल्डिंग बनने के बाद एकेडमिक सेशन 2027-28 से इस संस्थान में फिजियोथेरेपी कॉलेज की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा आयोजित की गई जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नागरिकों की सुविधा के लिए दूसरे इंफ्रास्ट्रक्कर को मड़बूत करने के




उद्देश्य से कई आवश्यक घोषणाएं की। इनमें भूमि उपलब्धता के आधार पर सोनीपत रोड पर शिवधाम बनाने, महम रोड पर बिजली का नया 33 केवी सबस्टेशन बनाने और खानपुर कलां में 33 केवी सबस्टेशन को अपग्रेड करना शामिल है। उन्होंने जनगणना, परिसीमन और एसआईआर का कार्य पूरा होने के बाद खानपुर कलां सब-तहसील को तहसील में अपग्रेड करने, बरोदा और फरमाना को सब-तहसील बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पर गांव गढ़ी उजालेखां का नाम बदलकर कृष्ण नगर और गांव गढ़ी नामदारखां का नाम सुंदर नगर रखने की भी घोषणा की।

पर्यटन और शहरी विकास को बड़ावा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा दो एकड़ ड़मीन उपलब्ध कराए जाने पर गोहाना में एक टूरिज्म रिसॉर्ट बनाया जाएगा। एचएसवीपी द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा गोहाना में बनाए जाने वाले सेक्टरों में सामाजिक संस्थाओं के लिए प्लॉट निर्धारित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे के साथ गांव रुखी से आहुलाना तक सर्विस लेन बनाने के लिए नेशनल हाईवे से अनुमति ली जाएगी। गोहाना में सिंचाई भवन, जल शक्ति भवन और रेस्ट हाउस का नवीनीकरण किया जाएगा। बडोता बस्ती क्षेत्र से गुड़रने वाली ड्रेन नंबर 4 को पक्का किया जाएगा और गोहाना माइनर को फिर से बनाया जाएगा। पूरे विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग नालों पर पुलों के नवीनीकरण और निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिडिल स्कूल गड़ी सराय नामदारखां को सीनियर सेकेंडरी स्तर पर अपग्रेड करने पर विचार करने के लिए शिक्षा विभाग की एक कमेटी बनाई जाएगी। गोहाना विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलों में 1 करोड़ रुपये की राशि से विकास कार्य करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने पेयजल सरंचना को मजबूत करने के लिए महिपुर-कवरेड़ी गांवों में 8 करोड़ रुपए की लागत से नहर आधारित पेयजल कार्यें की घोषणा की। खानपुर कलां में 5.5 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल सप्लाई और सीवर पाइपलाइन बिछाई जाएगी। सरकथल, बडोता, किलोहड़त और डोढवा रतनगड़ गांवों में भी 12.50 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल लाइन बिछाई जाएगी। खेड़ी दमगन में पाइपलाइन के साथ दो गहरे ट्यूबवेल लगाए जाएंगे।

### पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने दी जानकारी

## 6,000 पीएनजी ग्राहकों ने छोड़ दिया एलपीजी कनेक्शन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली.** देश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाने और जरूरतमंदों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ी और सकारात्मक पहल देखने को मिली है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, देशभर में अब तक लगभग 6,000 पीएनजी ग्राहकों ने स्वेच्छा से अपना एलपीजी गैस कनेक्शन छोड़ दिया है। इस शानदार कदम से उन परिवारों को एलपीजी गैस मिलने में काफी आसानी होगी, जिनके घरों के आसपास अभी तक पाइपलाइन वाली पीएनजी गैस की सुविधा नहीं पहुंच पाई है।

इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव नीरज मित्तल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर लोगों का आभार



जताया। उन्होंने कहा कि कल तक करीब 6000 पीएनजी उपभोक्ताओं ने अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिया है, जिसके लिए वे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने देश के अन्य पीएनजी उपभोक्ताओं से भी इस मुहिम से जुड़ने की अपील की है। सचिव ने आग्रह किया कि जिन लोगों के पास पीएनजी कनेक्शन है और वे अब भी एलपीजी का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे 'मायपीएनजीडीडॉटइन' पोर्टल पर जाकर आज ही अपना एलपीजी कनेक्शन छोड़ सकते हैं और उन नेक नागरिकों के समूह में शामिल हो सकते हैं जो बिना पीएनजी वाले लोगों की मदद कर रहे हैं। देश में गैस की आपूर्ति को लेकर मंत्रालय ने स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट कर दी है। मंत्रालय के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन प्रभावित होने के बावजूद घरेलू स्तर पर गैस की कोई किल्लत नहीं है। शनिवार को ही देशभर में 54 लाख से ज्यादा एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी सफलतापूर्वक की गई है। पूरे देश में किसी भी डीलरशिप पर एलपीजी खत्म होने की कोई शिकायत सामने नहीं आई है। सुविधाओं को आसान बनाते हुए देश में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का आंकड़ा अब 91 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसके अलावा, वितरक स्तर पर होने वाली धांधली को रोकने के लिए 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' के जरिए होने वाली डिलीवरी का हिस्सा अब बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है, जो इसी साल फरवरी में महज 53 प्रतिशत था।

गैस उपभोक्ताओं की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ बेहद सख्त रुख अपना लिया है। कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मुनाफाखोरों के खिलाफ लगातार ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अब तक लगभग 2,900 जगहों पर छापे मारे जा चुके हैं।

## केरल में अब चुनावी माहौल नहीं, जनआंदोलन की लहर : मोदी

**पलक्कड़.** केरल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को केरल के पलक्कड़ पहुंचे, जहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल वेशभूषा मुंडू (धोती) पहने नजर आए। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उन्हें केरल में एक नई ऊर्जा और बदलाव की लहर महसूस हो रही है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय राज्य की जनता और भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि कई कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक हिंसा के कारण अपने प्राण गंवाए हैं और उन्होंने मंच से उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल अब बदलाव का संदेश दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और लोगों का भरोसा भाजपा पर मजबूत हो रहा है। उन्होंने सभा में मौजूद भारी भीड़ को इस बदलाव का संकेत बताते हुए कहा कि यह सिर्फ चुनावी माहौल नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और एनडीए के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने पलक्कड़ की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि पलक्कड़ को केरल का प्रवेश द्वार कहा जाता है और यहां की हरियाली, परंपराएं और मेहनतकश लोग इसे विशेष बनाते हैं। उन्होंने कल्पथी मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी तुलना अक्सर काशी से की जाती है और काशी से सांसद होने के नाते यह उनके लिए विशेष महत्व रखता है।

**एक नजर**

## धालीवाल दिवंगत एमडी गगनदीप सिंह



**चंडीगढ़.** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल आज पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के दिवंगत एमडी सरदार गगनदीप सिंह रंधावा के पैतृक गांव थोबा (अजनाला विधानसभा क्षेत्र) स्थित पहुंच कर गहरा दुख जताया। धालीवाल ने दुखी परिवार और खासकर उनकी पत्नी के साथ समय बिताया और इस मुश्किल घड़ी में उन्हें सांत्वना दी। परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जाहिर करते हुए, कुलदीप धालीवाल ने कहा कि सरदार गगनदीप सिंह रंधावा जी का असमय निधन समाज और विभाग के लिए एक ऐसा नुकसान है जिसे कभी भरा नहीं जा सकता। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि वह और उनकी सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। धालीवाल ने कहा कि कल दिवंगत आत्मा की आत्मिक शांति के लिए श्री अखंड पाठ साहिब का भोग और श्रद्धांजलि समारोह होगा। इसी के मद्देनजर वह आज घर पहुंचे और माथा टेका और गुरु साहिब के चरणों में प्रार्थना की कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में शांति दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दें।

## विजिलेंस ब्यूरो द्वारा 15 हजार रुपये रिश्वत लेते एएसआई रंगे हाथों गिरफ्तार

**चंडीगढ़.** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान पुलिस चौकी किचलू नगर, थाना पीएयू लुधियाना के इंचार्ज के रूप में तैनात सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) लखविंदर सिंह को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को बैंक कॉलोनी, नूरवाला रोड, जिला लुधियाना के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता के विरुद्ध एक मामला दर्ज किया गया था, जिसकी जांच एएसआई लखविंदर सिंह को सौंपी गई थी। इस सम्बन्ध में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी एएसआई ने उसकी बहन और मां को इस मामले में न फंसाने के बदले 30,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने इस रिश्वत मांगने की पूरी बातचीत को रिकॉर्ड भी कर लिया था। शिकायतकर्ता ने अवैध रिश्वत देने से इनकार करते हुए विजिलेंस ब्यूरो, रेंज लुधियाना से संपर्क किया। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया और आरोपी एएसआई को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध विजिलेंस ब्यूरो थाना लुधियाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## गैंगस्टरों ते वार का 68वां दिन: पंजाब पुलिस द्वारा 508 स्थानों पर छापेमारी; 188 गिरफ्तार

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरों ते वार' मुहिम के 68वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के साथियों के चिन्हित एवं मैप किए गए 508 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार' पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसे 20 जनवरी, 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा शुरू किया गया था। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें पूरे राज्य में विशेष अभियान चला रही हैं। 68वें दिन पुलिस टीमों ने 188 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 17,674 हो गई है। इसके अलावा 95 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 99 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 3 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं भी साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' को 393वें दिन भी जारी रखते हुए आज 112 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से 463 ग्राम हेरोइन, 1.2 किलोग्राम अफीम, 471 नशीली गोलियां/ कैप्सूल और 62,400 रुपये की ड्रग मनी बरामद की। इसके साथ ही केवल 393 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 56,071 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 26 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए प्रेरित भी किया।

## एसपी पद पर पदोन्नति पर बिक्रमजीत सिंह बराड़ को बधाई, कबड्डी कप के लिए आमंत्रण



**डेराबस्सी.** पंजाब वॉटर सप्लाई और सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा ने एनकाउंटर स्पेशलिस्ट और एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स के अधिकारी बिक्रमजीत सिंह बराड़ को पुलिस सुपरिंटेंडेंट (एसपी) पद पर पदोन्नति मिलने पर दिल से बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बराड़ की यह पदोन्नति उनकी काबिलियत, कड़ी मेहनत और निडर सेवा का परिणाम है। सुभाष शर्मा ने आगे कहा कि बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान गैंगस्टरवाद के खिलाफ अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी पदोन्नति से पुलिस विभाग को और मजबूती मिलेगी तथा युवा अधिकारियों को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर सुभाष शर्मा ने बिक्रमजीत सिंह बराड़ को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मेन चौक लालड़ू में आयोजित होने वाले कबड्डी कप में विशेष रूप से शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बराड़ इस कार्यक्रम में पहुंचकर युवाओं का हौसला बढ़ाएंगे।

# मोहाली-डेराबस्सी पट्टी बनेगी देश का अगला वित्तीय केंद्र: सुखबीर

### ■ सरकार बनने पर पूर्व विधायक एनके शर्मा को बनाया जाएगा पंजाब का वित्त मंत्री

पंचकूला ऑब्जर्वर



**डेराबस्सी.** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने डेराबस्सी में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए बड़ा ऐलान किया कि यदि वर्ष 2027 में उनकी सरकार बनती है, तो मोहाली, जीरकपुर, डेराबस्सी, न्यू चंडीगढ़ और खरड़ क्षेत्र को देश का अगला प्रमुख वित्तीय केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह इलाका मुंबई और गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जिससे रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरे क्षेत्र को सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा और यहां पर्यटन आधारित परियोजनाएं भी शुरू की जाएंगी। डेराबस्सी को औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की योजना है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा पूरे क्षेत्र को मेट्रो रेल सेवा से जोड़ा जाएगा और सड़क ढांचे को आधुनिक बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन के लिए विश्वस्तरीय प्रणाली विकसित की जाएगी। सभा में भारी बारिश और स्थान बदलने के बावजूद हजारों लोगों की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह जनता के विश्वास और समर्थन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अकाली दल की पिछली सरकार ने मोहाली में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित कर क्षेत्र को वैश्विक पहचान दिलाई थी और आने वाले समय में इसे और आगे बढ़ाया जाएगा। सुखबीर सिंह बादल ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दोनों पार्टियों ने हाल ही में ब्लॉक समिति चुनावों में मिलकर चुनाव लड़ा, जिससे स्पष्ट हो गया है कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव भी गठबंधन में लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों का मुख्य उद्देश्य अकाली दल को सत्ता से दूर रखना है, लेकिन पंजाब की जनता इस सच्चाई को समझ चुकी है।

उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कहना कि अगर आम आदमी पार्टी सत्ता में नहीं आई तो जनकल्याण योजनाएं बंद हो जाएंगी, पूरी तरह से गलत और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि पंजाब में चल रही अधिकतर जनकल्याण योजनाएं अकाली दल की सरकार के समय शुरू की गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने कई योजनाओं में कटौती की है या उन्हें बंद कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बनने पर एनके शर्मा को पंजाब का वित्त मंत्री बनाया जाएगा। सभा के दौरान क्षेत्रीय विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों का भी जिक्र किया गया। इनमें जीरकपुर में अस्पताल का निर्माण, पीने के पानी की बेहतर सुविधा, छतबीड़ में पर्यटन केंद्र की स्थापना, हंडेसरा को उप-तहसील का दर्जा देना और लालड़ू में लड़कियों के लिए कॉलेज खोलना शामिल है। इसके अलावा स्कूलों में स्थानीय भाषा पढ़ाने की शुरुआत करने की भी बात कही गई।

किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि जिन किसानों के पास ट्यूबवेल कनेक्शन नहीं हैं, उन्हें कनेक्शन दिए जाएंगे और खेती के लिए दिन के समय 12 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। युवाओं के लिए एक विश्व स्तरीय कौशल विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना है, जो हर साल एक लाख युवाओं को प्रशिक्षण देगा। इसके साथ ही युवाओं को स्वरोजगार के लिए 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

## कुराली में हरियाणा के सीएम नायब सैनी का भारी विरोध, आप नेताओं ने दिखाए काले झंडे

**चंडीगढ़.** आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खरड़ विधायक अनमोल गगन मान, पंजाब यूथ विंग के कार्यकारी प्रधान परमिंदर सिंह गोल्डी और मोहाली जिला प्रधान प्रभजोत कौर के नेतृत्व में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुराली दौरे के दौरान उनका जमकर विरोध किया और काले झंडे दिखाए।

पंजाब यूथ प्रधान परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि आज हम उनकी दोहरी सोच के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। नायब सैनी और उनके साथी दो चेहरे दिखा रहे हैं। एक तरफ वे हरियाणा जाकर कहते हैं, हमें पानी दो, पंजाब हमें पानी नहीं देता, और दूसरी तरफ वे पंजाब आकर पंजाब की भलाई की बात करते हैं। यह दोहरा रवैया मंजूर नहीं है। वे गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं, लेकिन पंजाब के लोग सब समझते हैं। हम उन्हें पंजाब में कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

गोल्डी ने कहा कि वे खुद को डेवलपमेंट का मॉडल कहते हैं और गुजरात मॉडल की बात करते हैं। लेकिन जब हम गुजरात की असलियत देखते हैं, तो पता चलता है कि वहां भी किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के खिलाफ कानून लाए गए, जिसके विरोध में पंजाब समेत देश भर के हजारों किसानों ने अपनी जान दे दी, फिर उन कानूनों को वापस ले लिया गया। वे खुद को किसानों का हितैषी कहते हैं, लेकिन असल में वे किसानों को कमजोर करने वाली नीतियां लाते हैं।

मोहाली की जिला प्रधान प्रभजोत कौर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पंजाब का ग्रामीण विकास फंड रोक दिया है। बाढ़ के समय उन्होंने 1.600 करोड़ रुपये देने का वादा किया था, लेकिन आज तक पंजाब को एक पैसा भी नहीं दिया गया। पंजाब को बीस हजार करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ, लेकिन फिर भी केंद्र की भाजपा सरकार चुप रही। यह पंजाब के साथ बहुत बड़ा धोखा है। उन्हें शर्म आनी चाहिए कि मुश्किल समय में पंजाब का साथ देने के बजाय लोगों को गुमराह किया जा रहा है। प्रभजोत कौर ने कहा कि मैं पंजाब के समझदार लोगों से अपील करती हूं कि वे उनकी बातों में न आएं। जो लोग मुश्किल समय में पंजाब के साथ खड़े नहीं होते, वे कभी पंजाब का भला नहीं कर सकते। पंजाब की असली ताकत यहां के लोग हैं, और लोग ही तय करेंगे कि पंजाब के हित में क्या सही है।

## विपक्ष पंजाब के लोगों को गुमराह करने के लिए 10 लाख की स्वास्थ्य योजना के बारे में गलत प्रचार कर रहा है : डॉ. बलबीर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने रविवार को कहा कि विपक्ष 10 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में लोगों को गुमराह करने के लिए जानबूझकर मुहिम चला रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष गैर-सूचीबद्ध अस्पतालों की इक्का-दुक्का घटनाओं का इस्तेमाल करके योजना के साबित हो चुके प्रभाव को नजरअंदाज करते हुए इसे असफल दिखाने की कोशिश कर रहा है। पार्टी ने बताया कि 1.72 लाख से अधिक मरीज पहले ही 292 करोड़ रुपये का इलाज करवा चुके हैं। पार्टी ने दावा किया कि तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने की यह कोशिश या तो सरकारी योजनाओं की बुनियादी समझ की कमी को दर्शाती है या फिर लाभार्थियों में भ्रम पैदा करने और एक बड़ी जनकल्याणकारी पहल को कमजोर करने की सोची-समझी साजिश है।

पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कांग्रेसी नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा अमृतसर के एक मरीज की वीडियो साझा किए जाने पर सीधा जवाब दिया। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि वीडियो में दिखाया गया अस्पताल 'शूर हॉस्पिटल' मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत सूचीबद्ध (एम्पैनल्ड) नहीं है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 600 से अधिक निजी अस्पताल सूचीबद्ध हैं और इलाज का लाभ केवल इन्हीं पंजीकृत संस्थानों में मिलता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के किसी नेता के लिए तथ्यों की जांच किए बिना ऐसी सामग्री साझा करना बेहद गैर-जिम्मेदाराना है, क्योंकि इससे न सिर्फ जनता गुमराह होती है बल्कि लाभार्थियों में बेवजह दहशत भी पैदा होती है। उन्होंने ऐसी योजनाओं के ढांचे के बारे में और स्पष्ट करते हुए कहा कि अस्पतालों का सूचीबद्ध होना स्वैच्छिक है। डॉ. बलबीर सिंह ने आगे कहा कि आयुष्मान भारत योजना जैसी स्कीमों के तहत अस्पतालों की भागीदारी स्वैच्छिक होती है और किसी भी अस्पताल को शामिल होने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इसलिए गैर-सूचीबद्ध अस्पतालों की घटनाओं को योजना की विफलता के रूप में पेश करना तथ्यों के आधार पर गलत और भ्रामक है। इस पहल के स्तर और प्रभाव पर रोशनी डालते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने पंजाब के लोगों को मिले प्रत्यक्ष लाभों पर जोर दिया। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि 1.72 लाख से अधिक मरीज पहले ही 292 करोड़ रुपये का इलाज करवा चुके हैं, जिसमें दिल की सर्जरी, दिमाग के ऑपरेशन, जोड़ों के बदलने और इमरजेंसी एक्सीडेंट केयर जैसे गंभीर इलाज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े योजना की प्रभावशीलता और पहुंच को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं और इसे बदनाम करने की कोशिशें निंदनीय हैं।

भ्रम फैलाने की कथित कोशिश पर सवाल उठाते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने जवाबदेही की मांग की। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि प्रताप सिंह बाजवा को गलत जानकारी फैलाने और लोक-कल्याणकारी पहल के बारे में भ्रम पैदा करने की कोशिश करने के लिए पंजाब के लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

आप पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने भी पलटवार करते हुए सुखबीर सिंह बादल, हरसिमरत कौर बादल और राजा वड़िंग सहित विपक्षी नेताओं की प्रशासनिक समझ पर सवाल उठाए। कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि बाजवा और बादल जैसे नेता सालों तक उच्च पदों पर रहने के बावजूद सरकारी योजनाओं के बुनियादी कामकाज को समझने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि जो लोग उप मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद और वरिष्ठ नेता रहे हैं, उन्हें अभी तक यह नहीं पता कि ऐसी योजनाओं के तहत केवल सूचीबद्ध अस्पताल ही इलाज प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के बयान या तो उनकी अज्ञानता को उजागर करते हैं या फिर लोगों को गुमराह करने के उनके इरादे को बेनकाब करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि योजना के अंतर्गत केवल स्वीकृत अस्पतालों को ही अधिकार दिया गया है और गलत जानकारी फैलाने के खिलाफ चेतावनी दी। कुलदीप सिंह धालीवाल ने आगे कहा कि पंजाब में हजारों अस्पताल हैं, लेकिन योजना के तहत केवल सरकार के स्वीकृत पैनल में शामिल अस्पताल ही अधिकृत हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सही राह दिखाने की बजाय ये नेता उन्हें उलझा रहे हैं और झूठा प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है बल्कि लाखों गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाने वाली योजना को कमजोर करने की कोशिश है।

## युवक पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, डोप टेस्ट में नशे की पुष्टि

**जीरकपुर.** पुलिस स्टेशन ज़ीरकपुर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक के घर पर दबिश दी और उसे नशे की हालत में पाए जाने पर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, हवलदार कुलविंदर सिंह अपनी टीम के साथ पटियाला चौक क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि सुमित (पुत्र सूरज कुमार), निवासी ए.के.एस. कॉलोनी भाबत, नशे का आदी है और अपने घर पर मौजूद है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घर पर पहुंचने पर सुमित को नशे की हालत में पाया गया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत अधिकारों की जानकारी दी और तलाशी की पेशकश की। सुमित ने सहमति देते हुए अपने घर और सामान की तलाशी पुलिस से ही करवाने की अनुमति दी। हालांकि तलाशी के दौरान कोई भी नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस टीम सुमित को सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले गई, जहां उसका डोप टेस्ट कराया गया। डॉक्टर की रिपोर्ट में ओपीटी (ओपिएट) और बीजो (बेंजोडायजेपीन) पॉजिटिव पाए गए, जबकि अन्य पदार्थों की रिपोर्ट नेगेटिव रही।

## कुछ 'मौकापरस्त' केवल वही दोहरा रहे हैं जो मैंने हलवारा हवाई अड्डे के बारे में सार्वजनिक किया: अरोड़ा

### अरोड़ा के प्रयासों के कारण लगभग 30 वर्षों की देरी के बाद हलवारा हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू हुईं

पंचकूला ऑब्जर्वर



लुधियाना, 29 मार्च। हलवारा हवाई अड्डे के विकास और प्रगति को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा दिया गया हालिया बयान भ्रामक और जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। यह उल्लेखनीय है कि 26 मार्च को लुधियाना में आयोजित एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने पहले ही पुष्टि कर दी थी कि हलवारा के लिए उड़ानों की बुकिंग अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगी। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि 'यही बात आज कैबिनेट मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने तीन दिन बाद दोहराई है। कुछ 'मौकापरस्त' केवल वही दोहरा रहे हैं जो मैं पहले ही सार्वजनिक कर चुका हूं।' य ह ऐतिहासिक उपलब्धि पूर्व राज्यसभा सांसद और वर्तमान पंजाब कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के निरंतर, समर्पित और बहु-स्तरीय प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने वर्षों तक इस मुद्दे को लगातार आगे बढ़ाया। यह परियोजना कैबिनेट मंत्री अरोड़ा की क्षेत्रीय प्रतिबद्धता और पंजाब के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास, विशेषकर लुधियाना और आसपास के क्षेत्रों को मजबूत करने के प्रति उनकी दृढ़ निष्ठा को दर्शाती है।

संजीव अरोड़ा ने कहा कि हलवारा हवाई अड्डे के शुरू होने से क्षेत्रीय हवाई संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, यात्रा समय कम होगा और उद्योग, निर्यात तथा निवेश को बड़ा बढ़ावा मिलेगा—विशेष रूप से लुधियाना जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्र को। उन्होंने कहा कि उनके निरंतर प्रयास, नीतिगत पहल और नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एयरलाइंस तथा पंजाब सरकार के साथ बेहतर समन्वय के कारण यह लंबे समय से लंबित परियोजना अंततः सफल हो पाई।

## तेरी मार्च के शहीदों की याद में क्रांतिकारी, समझदारी भरा इवेंट

**जगराओं.** मार्च तेरी मार्च के शहीदों, शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की याद में पास के गांव पोना के यूथ एंड वेलफेयर क्लब, पंचायत और सभी गांववालों की तरफ से एक क्रांतिकारी यादगार इवेंट ऑर्गनाइज़ किया गया। इस दौरान ग़दरी शहीद हाफ़िज़ अब्दुल्ला जगराओं को भी याद किया गया, जिन्हें 29 मार्च 1917 को ब्रिटिश सरकार ने फांसी पर लटका दिया था। क्लब लीडर परमिंदर पाल सिंह के आसान ऑपरेशन में गांव की पंचायत और यूथ क्लब के अधिकारियों ने सबसे पहले नारों की गूंज के बीच शहीदों की तस्वीरों पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। क्रांतिकारी आर्टिस्ट राम सिंह हठूर ने शहीदों को समर्पित एक गाना पेश करके बिरास की शुरुआत की। लोक कला मंच मंडी मुल्लांपुर के आर्टिस्ट्स की तरफ से गुरदास मान के गाने पर आधारित ड्रग्स की बुराई के खिलाफ सुरिंदर शर्मा के डायरेक्शन में पेश की गई कोरियोग्राफी 'दुख पंजाब दा' ने बड़े सामाजिक सवालों को उठाने की कामयाब कोशिश की। मशहूर नाटककार और फिल्ममेकर सुरिंदर शर्मा के इमोशनल भाषण ने गंदी, भद्दी संस्कृति, समाज की पिछड़ी सोच और ड्रग्स के खिलाफ जंग के खोखलेपन को उजागर किया और जागरूकता का एहसास कराया। इस टीम द्वारा लिखा गया एक घंटे का लेकिन खूबसूरत नाटक 'दो रोटियां', जो पलायन के गहराते संकट की परतें खोलता है, उसने दर्शकों को पलकें झपकाने तक नहीं दीं। पूंजी और निजी जिंदगी के दौर में बिगड़ते और टूटते पारिवारिक रिश्तों की बात करने वाले नाटक 'मिट्टी दे रिश्ते' ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस समय, क्रांति केंद्र पंजाब के जनरल सेक्रेटरी कंवलजीत खन्ना ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि 95 साल पहले शहीदों द्वारा लगाए गए साम्राज्यवाद मुर्दाबाद और समाजवाद जिंदाबाद के नारे की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि आज अमेरिकी साम्राज्य पूरी दुनिया के लोगों का नंबर एक दुश्मन है। ईरान युद्ध, मोदी सरकार का अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता ईरान, इजरायल और अमेरिका द्वारा छेड़े गए युद्ध के कारणों और प्रभावों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में अरबों डॉलर के मालिक कॉरपोरेट्स ने पहले तेल और कब्जे के लिए गाजा को तबाह किया और अब वे ईरान को बर्बाद करने जा रहे हैं। मोदी सरकार ने हमारी खेती और हमारे बाजार पर कब्जा करने के लिए अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता किया है। विदेशों से उत्पाद आयात करके हमारे देश के किसान और मजदूर बर्बाद हो जाएंगे।

## गोल्डी ढिल्लों मॉड्यूल से संबंधित दो आधुनिक सब-मशीन गन बरामद

पंचकूला ऑब्जर्वर




**अमृतसर.** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने दो 9 एमएम सब-मशीन गन और एक खाली मैगजीन बरामद कर अवैध हथियार तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया है। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। बरामद किए गए हथियारों पर 'गफार सिक्योरिटी' लिखा हुआ था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद खेप कुख्यात गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों से संबंधित है। उन्होंने बताया कि ये हथियार उसके नेटवर्क द्वारा राज्य में देश विरोधी और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सप्लाई किए जा रहे थे। डीजीपी ने कहा कि फरार आरोपियों की पहचान करने और पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए आगे की जांच जारी है।

इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए कमिश्नर ऑफ पुलिस (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विशेष खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने गुरु की वडाली, छेहरटा क्षेत्र में नाका लगाया और मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों को रोकने की कोशिश की। पुलिस को देखकर संदिग्ध युवक घबरा गए और भागने लगे। उन्होंने बताया कि भागते समय उनका एक किट बैग गिर गया। सीपी ने बताया कि बरामद किट बैग की तलाशी लेने पर दो अवैध 9 एमएम सब-मशीन गन और एक खाली मैगजीन बरामद हुई। एफआईआर नंबर 66 दिनांक 29-03-2026 को अमृतसर के थाना छेहरटा में आर्म्स एक्ट की धारा 25 (आई-ए) के तहत दर्ज की गई है।

### गुरप्रीत उर्फ गोल्डी ढिल्लों और उसके तीन साथी नामजद

उन्होंने बताया कि गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों हत्या, डकैती, हत्या के प्रयास, अपहरण, दंगा, जबरन वसूली और अवैध हथियारों की सप्लाई सहित कई गंभीर अपराधों में शामिल है। पुलिस टीमों ने गुरप्रीत उर्फ गोल्डी ढिल्लों और उसके तीन साथियों को नामजद कर लिया है तथा फरार मोटरसाइकिल सवारों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

## एक नजर

### हिसार में भगवान वेंकटेश के जयकारों से गूंजा तिरुपति धाम, सवारी शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार.** अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों से जुड़े श्री तिरुपति बालाजी धाम में पूरे विधि-विधान से भगवान श्री वेंकटेश की सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। प्रात: विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई और सायंकाल नियमानुसार मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकटेश के विग्रह को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया गया। उनके साथ ही माता लक्ष्मी व माता भूदेवी के विग्रह भी सुशोभित किए गए। सवारी शोभा यात्रा शुरू होते ही श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। इस दौरान श्रद्धालु जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के जयघोष करते रहे। भक्तों ने अपने हाथों से रथ को खींचकर अपनी आस्था जताई और धाम की परिक्रमा की। शोभा यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं में गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं ने अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम में श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी, श्री वरवर मुनि जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों के भी दर्शन किए। तिरुपति धाम में 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम् व श्री तिरुपति यज्ञशाला भी विशेष दर्शनीय हैं। धाम की श्रीनिवास गोशाला व श्री पवित्र पुष्करणी भी श्रद्धा के विशेष केंद्र बने हुए हैं। यहां पर दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित 71 फुट ऊंचे गोपुरम के दर्शन करके श्रद्धालु अभिभूत हो गए।

### कटला रामलीला की रामनवमी शोभा यात्रा का शहरभर में हुआ भव्य स्वागत

**हिसार.** श्री रामलीला कमेटी कटला के 129वें श्री रामनवमी महोत्सव, श्रीराम कथा व श्री रामनवमी शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता, समस्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी अतिथियों, प्रशासन, देवी भवन व सभी शहरवासियों का आभार व्यक्त किया है। विनोद गुप्ता ने कहा कि नौ दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ ?र हिस्सा लिया और इस पुनीत कार्य में यथासंभव सहयोग किया। उन्होंने कहा कि भव्य रामनवमी शोभा यात्रा में भी हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर अपनी आस्था का परिचय दिया। विनोद गुप्ता ने बताया कि शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न झांकियां, लहराती ध्वजाएं और तलवारबाजी व लाठी चलाने के प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने कहा कि बैंड-बाजे के साथ शोभा यात्रा मोहना मंडी से शुरू होकर शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए वापस यहीं पहुंची। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर रामनवमी शोभा यात्रा का पुरजोर स्वागत किया गया। नागोरी गेट के पास कटला रामलीला के पूर्व प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया ने फूल मालाओं व पुष्प वर्षा से स्वागत किया। सेवक सभा अस्पताल के पास डॉ. ललिता राजवंशी, आशा गुप्ता व काफी संख्या में महिलाओं ने स्वागत-सत्कार किया। इसी भांति तलाकी गेट के पास कृष्ण कुमार गोरखपुरिया, गांधी चौक के पास संजीव शर्मा, गांधी चौक के हनुमान मंदिर के पास अनिल जिंदल व रामनिवास परसा ने जोरदार स्वागत किया। आगे बढ़ते हुए गांधी चौक पर राजेश लोहिया ने ठंडाई व जीरा लैमन आदि से सत्कार किया। इसी भांति नागोरी गेट स्थित सनातन धर्म हनुमान मंदिर के पास कैलाश चौधरी व अशोक शर्मा में मिठाइयां बांटकर अपनी आस्था जताई। इसके साथ ही शहरभर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत करके प्रभु श्रीराम के प्रति निष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव को सफल बनाने में श्री रामलीला कमेटी कटला के सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल व सह सचिव राजकुमार जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य विनोद कंसल, राजेश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल, दिनेश जैन, प्रवीन सिंगल व चंद्रभान सोनी सहित समस्त शहरवासियों की विशेष भूमिका रही।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को प्रदान करते है नई ऊर्जा और दिशा: विजेंद्र मैहला

**कैथल.** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत ढांड मंडल में राधा कृष्ण धर्मशाला में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आज समापन हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष एवं ढांड मार्कीट कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला ने की। आज मुख्य वक्ता के रूप में पाई मार्कीट कमेटी के चेयरमैन कृष्ण पिलनी ने शिरकत की। प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और बूथ स्तर पर सक्रियता ही संगठन की पहचान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन के विस्तार में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करें और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अनुशासन, समर्पण और सक्रियता के माध्यम से बूथ प्रबंधन को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। शिविर में मुख्य वक्ता मार्केट कमेटी पाई के चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि बूथ मजबूत होगा तो संगठन स्वत: मजबूत होगा और चुनावों में सफलता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ समिति के गठन, मतदाता सूची के सही प्रबंधन, घर-घर संपर्क अभियान, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कैथल.** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित पंचदिवसीय आर्य युवा वैदिक चेतना एवं योग शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत चंडीगढ़ ले जाया गया। इस भ्रमण में कुल 167 शिविरार्थी शामिल हुए। इनमें चार वर्गों के बालक एवं चार वर्गों की बालिकाएं सम्मिलित थीं। विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ स्थित रॉक गार्डन और चंडीगढ़ के पास स्थित छतबीड़ चिड़ियाघर का भ्रमण किया। रॉक गार्डन की अद्भुत कलाकृतियों से प्रेरणा लेते हुए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की अवधारणा को भली-भांति समझा। इस भ्रमण के माध्यम से उन्होंने सीखा कि किस प्रकार सामग्रियों का पुन: उपयोग कर उन्हें सुंदर एवं उपयोगी वस्तुओं में बदला जा सकता है। छतबीहड़ चिड़ियाघर में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों व जानवरों को करीब से देखा और उनके बारे में जाना, जिसका अनुभव उनके लिए रोमांचक और शिक्षाप्रद रहा। इस शैक्षणिक भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, आपसी समझ, सामंजस्य एवं सहयोग की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अनुभव उनके व्यक्तित्व निर्माण एवं ज्ञानवर्धन में सहायक सिद्ध होगा।

# देश में युवाओं की सोच और बदलाव से राष्ट्र निर्माण को मिल रही है गति: नायब सैनी

### भाजपा जिला कार्यालय कुरुक्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 132 वां संस्करण सुना

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं की सोच में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इस सोच में हुए परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण को गति मिल रही है। इतना ही नहीं मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया का सबसे युवा देश बताया है। इस दौरान यमुनानगर के युवा प्रथम बराड़ की सोच ग्रीन व क्लीन भारत को ही समृद्ध भारत कहने की प्रधानमंत्री ने सराहना की है। इसके साथ ही देश के विकास के लिए प्रदेश के युवा भी लगातार तत्पर हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को भाजपा जिला कार्यालय कुरुक्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 132 वां संस्करण सुन रहे थे। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीधे देश के नागरिकों से जुडऩे का एक अनूठा मंच प्रदान करता है। रेडियो की व्यापक पहुंच के कारण, यह देश के दूर-दराज के क्षेत्रों तक भी पहुंचता है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के लोगों की उपलब्धियों का भी अनेक बार जिक्र हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संवाद स्थापित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के विचारों को भारत के आम लोगों तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करते हुए उन्हें गर्व महसूस होता है। इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी लगता है कि हमें भी उनकी तरह मेहनत करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं को नवाचार आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। मन की बात कार्यक्रम न केवल विचारों को दिशा देता है, बल्कि देशवासियों को विकास, सेवा और जिम्मेदारी की भावना के साथ आगे बढऩे का संदेश भी देता है।

सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व के मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

सरकार की नीतियों को नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी प्रतिक्रिया जानना भी इसका एक महत्वपूर्ण पहलू है। मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आम जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम के जरिए देशभर में हो रहे सकारात्मक प्रयासों, सामाजिक नवाचारों और जनभागीदारी की प्रेरक कहानियों को सामने लाया जाता है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और समाज में मेलजोल की भावना को बढ़ावा देती है।

**पांच विधायकों ने की क्रॉस वोटिंग**

### अमृत सरोवर के माध्यम से बरसाती पानी इकट्ठा कर बढ़ाया जाएगा भूजल स्तर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रधानमंत्री जी ने जल संरक्षण और जल संचय की अपील करते हुए अलग-अलग हिस्सों के लोगों की कहानी के साथ जल ही जीवन है की प्रेरणा दी है। राज्य सरकार ने अमृत सरोवर के माध्यम से बरसाती पानी इकट्ठा करने का अभियान चलाया है। इन अमृत सरोवरों की सफाई करके बरसात के पानी को रोककर भूजल स्तर बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इससे हमें अपनी आने वाली पीढियों के लिए पानी मुहैया करवा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में बरसाती पानी को इकट्ठा कर उस पानी का किसानों द्वारा खेती उपज बढ़ाने जैसे अनूठे उदाहरण देकर जल बचाने के लिए प्रति जागरूक किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस योजना का अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ देने के लिए सरकार की तरफ से अलग से सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। एक लाख 80 हजार से कम आय वाले नागरिकों को दो किलोवाट का सोलर सिस्टम फ्री में दिया जा रहा है।

### सीएसआर प्रस्तावों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कैथल.** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल ने आज विभा वाणी इंडिया हरियाणा एवं पंजाब शाखा के सहयोग से सीएसआर प्रस्तावों पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। राष्ट्रीय सम्मेलन अभ्युदय 2026, ज्ञान साझाकरण और सदस्यता एवं कार्य योजना जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा हुई जिससे सभी प्रतिभागियों को बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई और सार्थक सहभागिता को बढ़ावा मिला। कार्यशाला में एनपी राजीव कार्यकारी निदेशक विभा वाणी इंडिया, डॉ. रोशन लाल, पंकज ठाकुर और जाकिर हुसैन की गरिमामय उपस्थिति रही।

### श्रीमद भगवत कथा में उमड़े श्रद्धालू

**बराडा.** श्री गोविंद गौशाला बराडा के प्रांगण में श्री गोविंद गौशाला समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का विधि पूर्वक समापन बृज रसिक श्री यशोदा नंदन जी महाराज के द्वारा संपन्न किया गया तथा गोविंद गौशाला के 22 वें स्थापना दिवस महाराज जी द्वारा गाय के प्रति बहुत ही मार्मिक व कर्ण प्रिय भजनों व कथा का वर्णन किया गया । प्रधान राजेश सिंगला ने बताया कि इस समय लगभग 950 गोवंश का बहुत ही सुंदर तरीके से पालन पोषण किया जा रहा है।

### निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर लगाया

**रोहतक.** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा आयोजित डी.एल.एफ कॉलोनी में स्थित जे.पी. नारंगी देवी होम्योपैथिक फिजियोथरेपी चैरिटेबल सैंटर में निशुल्क विशाल स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया इस जांच शिविर में मैक्स हैल्थ केयर हॉस्पीटल द्वारिका के सुप्रसिद्ध डाक्टरों के द्वारा मरीजों को चैक किया गया व निशुल्क दवाईयां वितरित की गई।

## शिक्षा केवल धन अर्जित करने का साधन नही, बल्कि जीवन को संस्कारित करने का मार्ग है : शिव रतन



**भिवानी.** भिवानी शहर स्थित वैश्य इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव सत्र 2025-26 बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम फ्लाईट टू ड्रीम्स सपनो की उडान रखी गई, जिसने सभी को अपने सपनों की ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट अध्यक्ष श्री शिवरतन गुप्ता जी रहे। साथ ही चेयरपर्सन वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के महासचिव पवन कुमार बुवानीवाला जी व कोषाध्यक्ष श्री विजय किशन अग्रवाल जी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वैश्य महाविद्यालय एवं वैश्य माडल स्कूल के कोषाध्यक्ष श्री सुंदरलाल अग्रवाल जी ने समारोह की शोभा बढाई द्व इस अवसर पर छ्ष्टद्ध के सम्मानित सदस्य श्री संजय अग्रवाल अधिवक्ता , श्री मुकेश मित्तल अधिवक्ता एवं श्री रतन लाल अग्रवाल उद्योगपति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के आगमन के साथ हुई, जहां स्काउट एवं बैंड टीम ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें पंडाल तक लेकर गए। मंच पर पहुंचने के पश्चात अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प मालाओंके साथ स्मृति-चिन्ह (मोमेंटो) देकर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. करतार सिंह जाखड़ जी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने छात्रों की वर्ष भर की उपलब्धियों को विस्तार से बताया तथा विद्यालय द्वारा विशेष रूप से प्राप्त उपलब्धियों को भी बखूबी अभिवावकों के सामने सांझा किया द्व अपने प्रेरणादायी एवं विचारोत्तेजक संबोधन में मुख्य अतिथि श्री शिवरतन गुप्ता जी ने शिक्षा के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा केवल धन अर्जित करने का साधन नहीं, बल्कि यह जीवन को सुसंस्कारित, सशक्त एवं मूल्यवान बनाने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा को एक पवित्र साधना, आत्मविकास का मार्ग तथा समाज निर्माण का आधार मानते हुए निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रेरक एवं उत्साहवर्धक संबोधन में चेयरपर्सन श्री पवन कुमार बुवानीवाला जी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं को प्राप्त होती है, जो निरंतर प्रयास करते हुए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम अत्यंत उत्साहवर्धक रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## एक्साइज ड्यूटी में कटौती-जनता को राहत या सरकार का भ्रमजाल : राव नरेंद्र सिंह

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये की कटौती के ऐलान के बाद सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस मुद्दे पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि एक्साइज ड्यूटी में कटौती का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचता नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह मान लेना गलत होगा कि पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं को 10 रुपये प्रति लीटर की राहत मिलेगी। उनके अनुसार, यह राहत मुख्य रूप से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को दी गई है, जबकि आम जनता को अब भी लगभग वही कीमत चुकानी पड़ेगी।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल का हवाला देते हुए कहा कि मई 2014 में जब कांग्रेस सरकार सत्ता से बाहर हुई, उस समय कच्चे तेल की कीमत 106.94 डॉलर प्रति बैरल थी। इसके बावजूद पेट्रोल लगभग 71 रुपये प्रति लीटर और डीजल करीब 56 रुपये प्रति लीटर के आसपास उपलब्ध था।

राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि इसके विपरीत हाल के वर्षों में, जब कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल रही, तब भी उपभोक्ताओं को पेट्रोल के लिए 90-95 रुपये प्रति लीटर तक भुगतान करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका मुख्य कारण केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पिछले साढ़े 11 वर्षों में बार-बार एक्साइज ड्यूटी बढ़ाना है।

उन्होंने दावा किया कि इस दौरान केंद्र सरकार ने 12 बार एक्साइज ड्यूटी में वृद्धि की, जिससे प्रतिदिन औसतन करीब 982 करोड़ रुपये की कमाई की गई। उन्होंने कहा कि इस पूरी अवधि में आम जनता को वास्तविक राहत नहीं मिली है और हालिया कटौती भी महज एक दिखावा साबित हो सकती है।

राव नरेंद्र सिंह ने सरकार की ऊर्जा नीति को खोखली करार देते हुए कहा कि यह नीति जनता पर आर्थिक बोझ डालकर उसे ही राहत का भ्रम देने का प्रयास है। इसके साथ ही उन्होंने हरियाणा में सामने आ रहे कथित घोटालों को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक घोटाले की गूंज शांत भी नहीं होती कि दूसरा मामला उजागर हो जाता है। उन्होंने यमुनानगर धान घोटाला, महेंद्रगढ़ सरसों बारदाना घोटाला, आईडीएफसी बैंक से जुड़े 590 करोड़ रुपये के मामले तथा नगर निगम पंचकूला के 160 करोड़ रुपये के कथित घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि यह भ्रष्ट तंत्र की गंभीर तस्वीर पेश करता है। उन्होंने आगे आशंका जताई कि प्रदेश के अन्य विभागों—जैसे शिक्षा विभाग, पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग और हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद—में भी इसी प्रकार की अनियमितताओं की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के कारण जनता की खून-पसीने की कमाई अफसरशाही की जेबों में जा रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर जनता महंगाई की मार झेल रही है, वहीं एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतें आम आदमी के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी हैं।

अंत में उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में जनता को राहत देना चाहती है, तो उसे दिखावटी कदमों के बजाय ठोस और पारदर्शी नीतियां लागू करनी होंगी, जिससे आम उपभोक्ता को वास्तविक फायदा मिल सके।

**30 मार्च के पूर्णाहुति गौ महायज्ञ व भंडारे की तैयारियां जोर-शोर से शुरू**


## गौकथा मन को पवित्र करने के साथ ही मनुष्य के लिए कल्याणकारी भी है : विदुषी बेला पारीक

पंचकूला ऑब्जर्वर



**हिसार.** मातृभूमि सेवा संघ, गौसेवा गतिविधि एवं काबरेल के केशव माधव धाम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती कॉलेज प्रांगण में चल रहे 108 कुंडीय दशांश महायज्ञ व श्रीमद गौ भागवत कथा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही 30 मार्च के पूर्णाहुति गौ महायज्ञ व अटूट भंडारे की तैयारियां भी शुरू हो गई। सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर व गौ शक्ति जागरण अनुष्ठान संचालन समिति के व्यवस्था प्रमुख विकास ढल ने बताया कि मातृभूमि सेवा संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक के सान्निध्य में 30 मार्च को विधि-विधान से प्रात: 9 बजे पूर्णाहुति गौ महायज्ञ किया जाएगा और प्रात: 11 बजे से अटूट भंडारा शुरू हो जाएगा। इस आयोजन में हिसार शहर, गांव मीरका, लाडवा, मिर्जापुर, मंगाली, शाहपुर व सातरोड सहित बहुत से गांवों से श्रद्धालु बढ़-चढ ?र हिस्सा लेंगे। सरस्वती कॉलेज प्रांगण में श्री सुरभि गौ महायज्ञ, सवा करोड़ श्री सुरभि मंत्र जाप अनुष्ठान और श्रीमद गौ भागवत कथा विधि-विधान से नियमपूर्वक चल रहे हैं। श्री सुरभि गौ महायज्ञ में पांचवें दिन कैमरी आश्रम के संचालक स्वामी राजदास महाराज, विजय ढल, कमलेश ढल, विकास ढल, सोनिया रानी, दीपक ढल, कमल सर्राफ, रणधीर झाझडि ?ा व सुदर्शन सोनी सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

श्रीमद गौ भागवत कथा के पांचवें दिन नलवा के विधायक रणधीर पनिहार मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर गंगवा के श्रीकृष्ण प्रणामी सत्संग भवन से साध्वी पवित्रा महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान वनवासी कल्याण आश्रम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामबाबू सिंगल, पवन जिंदल, सेवा भारती लाडवा छात्रावास समिति के अध्यक्ष मक्खन लाल, वनवासी कल्याण आश्रम के जिलाध्यक्ष संजीव अरोड़ा व विजय ढल ने दीप प्रज्वलित किया। पूर्व मेयर गौतम सरदाना, भाजपा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, प्रांतीय स्वदेशी मेला प्रमुख अनिल गोयल, मंगाली की बालाजी गौशाला समिति के कोषाध्यक्ष मुकेश गर्ग व पार्षद संजय डालमिया को कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नीरज कुमार गुप्ता ने कुशलतापूर्वक मंच संचालन किया। कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक ने श्रीमद गौ भागवत कथा के दौरान समझाया कि गौकथा मन को पवित्र करने के साथ ही मनुष्य के लिए कल्याणकारी भी है। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान हरियाणा की धरा पर दिया गया। गीता का यह उपदेश जिसने दिया वह भी गौमाता का दुग्धपान ही करता था। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने न केवल गौमाता के साथ समय बिताया बल्कि उसकी महिमा से भी रूबरू करवाया। विदुषी बेला पारीक ने कहा कि गीता ज्ञान की धरा हरियाणा से ही गौ शक्ति जागरण अनुष्ठान की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि सवा 13 करोड़ श्री सुरभि मंत्र जाप के संकल्प के तहत महेंद्रगढ़ में सफलतापूर्वक प्रथम गौ शक्ति जागरण अनुष्ठान संपन्न किया गया है। अब इसी कड़ी में हिसार में स्थित सरस्वती कॉलेज प्रांगण में द्वितीय खंड के तहत आठ दिवसीय अनुष्ठान चल रहा है। प्रतिदिन श्री सुरभि गौ महायज्ञ, सवा करोड़ श्री सुरभि मंत्र जाप अनुष्ठान और श्रीमद गौ भागवत कथा की जा रही है। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को सुदामा चरित्र, गौसेवा, गौपूजा, गौदान व गौ नवरात्र का महत्व समझाया जाएगा। कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक ने गौकथा के दौरान प्रवचनों में कहा कि आततायी का संहार करने और धर्म की स्थापना के लिए प्रभु बार-बार इस धरा पर आते हैं।



# संजय दत्त की 'आखिरी सवाल' 15 मई को होगी रिलीज

**एक तरफ जहां संजय दत्त की नई फिल्म 'आखिरी सवाल' की रिलीज डेट सामने आ गई है, वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया स्टारर 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की रिलीज आगे खिसक गई है। अब वन की रिलीज डेट पर 'आखिरी सवाल' आएगी और 'वन' 28 अगस्त को रिलीज होगी।**

'धुरंधर 2' में चौधरी असलम के किरदार से गर्दा उड़ाने के बाद संजय दत्त अब नई फिल्म 'आखिरी सवाल' में नजर आएंगे, जिसका नया पोस्टर सामने आया है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। दूसरी ओर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया स्टारर 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की नई रिलीज डेट भी सामने आई है। पहले यह फिल्म 15 मई को थिएटर्स में आने वाली थी, पर अब यह आगे खिसका दी गई है। अब इसकी जगह 15 मई को संजय दत्त की 'आखिरी सवाल' रिलीज होगी। यहां दोनों फिल्मों की कहानी और रिलीज डेट से जुड़ी सारी जानकारी दे रहे हैंः

## 'आखिरी सवाल' के नए पोस्टर में संजय दत्त

सबसे पहले बात 'आखिरी सवाल' की। फिल्म की पहली झलक सामने आने के बाद से ही फैंस के बीच इसे लेकर खलबली मच नए पोस्ट और रिलीज डेट ने तहलका मचा दिया है। 'आखिरी सवाल' 15 मई को थिएटर्स में रिलीज होगी। इसे नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्ममेकर अभिजीत मोहन वारंग ने डायरेक्ट किया है। 'आखिरी सवाल' में आजादी से पहले के दौर की अनकही सच्चाइयों को पहली बार दिखाया जाएगा। 'आखिरी सवाल' के पोस्टर में उस गंभीरता और विषय की सही झलक है, जिसे फिल्म में दिखाया जाएगा। एक बड़े 'क्वेश्चन मार्क' के बीच संजय दत्त का संजीदा चेहरा इस पोस्टर को काफी दिलचस्प बना रहा है, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। इसकी टैगलाइन इसे और भी दमदार बनाती है, और वो है- वो सवाल जो भारत ने पूछना कभी बंद नहीं किया। यह अपने आप में इशारा करता है कि फिल्म एक ऐसे विषय पर आधारित है, जिससे भारत लंबे समय से जूझ रहा है।


'आखिरी सवाल' में RSS के सफर की भी कहानी

इसके अलावा, 'आखिरी सवाल' दर्शकों के सामने भारत के सबसे पुराने और एकजुट संगठनों में से एक- RSS के 100 साल के सफर की सच्ची कहानी भी बताएगी। इसकी स्थापना साल 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। दर्शकों को एक ऐसी महत्वपूर्ण मीटिंग देखने को मिलेगी, जिसने भारत के भविष्य को बदल दिया। यह फिल्म इतिहास की उन कहानियों से कहीं आगे जाएगी, जो हमारी किताबों में भी नहीं मिलतीं। यह राष्ट्र के लिए निस्वार्थ सेवा के मूल विचार पर रोशनी डालती है और दर्शकों को उन सच्चाइयों से रूबरू कराने का वादा करती है जो अब तक अनकही और अनदेखी रही हैं।

'आखिरी सवाल' में संजय दत्त के अलावा अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी और नीतू चंद्रा जैसे स्टार्स हैं। जबकि प्रोड्यूसर निखिल नंदा और संजय दत्त हैं।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'वन' 28 अगस्त को होगी रिलीज

अब बात सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट की' की। यह एक फोक थ्रिलर है, जो पहले 15 मई को रिलीज होने वाली थी, पर अब 28 अगस्त को रक्षाबंधन के मौके पर थिएटर्स में दस्तक देगी। इसकी जानकारी ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ङ्ग पर एक ट्वीट में दी है। 'वन' को अङ्कस्न के अरुणाभ कुमार और दीपक मिश्रा ने डायरेक्ट किया है। वहीं, प्रोड्यूसर एकता कपूर और उनकी मॉम शोभा कपूर हैं। 'वन' की कहानी प्राचीन लोक कथाओं और भारत के मंदिरों पर आधारित बताई जाती है। फिल्म की शूटिंग रियल लोकेशंस पर की जा रही है, जिसमें मध्य भारत के घने जंगल भी शामिल हैं।






# सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे अभिषेक बच्चन

अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है।

## इस जॉनर में अभिनय करेंगे अभिषेक बच्चन

'किंग' फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है।

## फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म के टीजर में शाहरुख खान एक्शन अंदाज में नजर आए थे।

## रोल में एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं अभिषेक

अभिषेक बच्चन के पास एक और फिल्म है, जिसे रितेश देशमुख ने निर्देशित किया है। फिल्म का नाम 'राजा शिवाजी' है। यह एक ऐतिहासिक फिल्म है जो छत्रपति शिवाजी महाराजा पर होगी। अभिषेक बच्चन की पिछली फिल्म 'कालीधर लापता' थी, यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म थी। इस फिल्म के लिए अभिषेक को काफी सराहा गया था।



# आलिया और अनुष्का शर्मा से लेकर प्रियंका तक, इन अभिनेत्रियों ने किया फिल्म का निर्माण

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'डोंट बी शाय' की घोषणा की है। 'डोंट बी शाय' का निर्माण आलिया खुद कर रही हैं। इससे पहले भी आलिया कई फिल्मों का निर्माण कर चुकी हैं। जानिए उन अभिनेत्रियों के बारे में जिन्होंने अभिनय के बाद फिल्म निर्माण में कदम रखा है।

## आलिया भट्ट

आलिया भट्ट ने अपनी नई फिल्म 'डोंट बी शाय' की घोषणा की है। आलिया ने मुंबई में एक कार्यक्रम में बताया कि वह अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर फिल्म 'डोंट बी शाय' का निर्माण करेंगी। आलिया भट्ट ने अपनी नई फिल्म 'डोंट बी शाय' की घोषणा कर फैंस को खुश कर दिया है। इससे पहले उन्होंने 'डार्लिंग्स' और 'जिग्रा' जैसी फिल्मों का भी सह-निर्माण किया है।



## दीपिका पादुकोण

दीपिका का प्रोडक्शन हाउस अच्छी और समाज को मैसेज देने वाली कहानियां बनाने पर जोर देता है। उन्होंने 'छपाक' से शुरुआत की और फिर '83' जैसी बड़ी फिल्म बनाई। 2026 में भी दीपिका कई बड़ी फिल्मों का निर्माण कर सकती हैं।


## प्रियंका चोपड़ा जोनस

प्रियंका ने अपनी निर्माण कंपनी बनाई ताकि छोटी-बड़ी और क्षेत्रीय फिल्मों को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने 'वेंटिलेटर' जैसी पुरस्कार जीतने वाली फिल्म से लेकर 2026 की हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' तक काम किया है। वह अलग-अलग तरह की कहानियों को बड़ा प्लेटफॉर्म देती हैं।



## अनुष्का शर्मा

अनुष्का ने 2013 में 'क्लीन स्लेट' फिल्म्स शुरू की थी। उन्होंने 'NH10' और 'पाताल लोक' जैसी अच्छी फिल्मों का निर्माण किया है। 2022 के बाद उन्होंने प्रोडक्शन की जिम्मेदारी कम कर दी, लेकिन उनका बैनर अभी भी अच्छी और अलग तरह की फिल्में बना रहा है।






# एक बार फिर हॉरर की दुनिया में वापसी करने वाले हैं अजय देवगन

**अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों 'दृश्यम 3' और 'गोलमाल 5' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उनकी एक और आगामी फिल्म को लेकर दिलचस्प खबर सामने आई है। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर की दुनिया में वापसी करने वाले हैं। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। इसके लिए उन्होंने 'सरदारजी' फ्रेंचाइजी के निर्देशक रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है।**

अजय देवगन 'भूत' (2003) और 'काल' (2005) जैसी हॉरर फिल्मों में दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। अब कथित तौर पर एक्टर एक बार फिर हॉरर मूवी में नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, अजय देवगन ने हॉरर फिल्म के लिए रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। फिलहाल मेकर्स इस प्रोजेक्ट के प्री-प्रोडक्शन में व्यस्त हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कुमार मंगत हैं और फिलहाल वे इसे एक हाई कॉन्सेप्ट के रूप में बनाने की तैयारी में हैं।


## कास्टिंग पर चल रहा है काम

फिलहाल प्रोजेक्ट का नाम तय नहीं है। कहा जा रहा है कि इसमें एक बोल्ड, हाई-कॉन्सेप्ट वाली डरावनी कहानी दर्शकों को देखने को मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्र ने कहा कि यह फिल्म पारंपरिक हॉरर फिल्मों से अलग होगी। फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर लंदन में होगी। फिल्म के लिए कास्टिंग का काम भी चल रहा है। टीम ऐसे कलाकारों को एक साथ लाने की कोशिश कर रही है, जो अजय देवगन की दमदार ऑन-स्क्रीन मौजूदगी को और भी निखार सकें। हॉरर जॉनर में अजय देवगन की वापसी की खबर ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स की मानें तो जुलाई से फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। अजय देवगन के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे इन दिनों 'गोलमाल 5' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म साल 2027 में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# प्रियदर्शन ने बताया क्यों 'धुरंधर द रिवेंज' से खास है 'भूत बंगला'

**आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर -2' अनुमान के मुताबिक ही कमाई कर रही है। इसी वजह से कई मेकर्स ने अपनी रिलीज डेट भी आगे बढ़ा दी थी। मगर फिल्म भूत बंगला के लिए फिल्म मेकर प्रियदर्शन पूरी तरह आश्वस्त हैं। उनका कहना है कि फिल्म पूरी तरह पारिवारिक है।**




## 'धुरंधर 2' से कोई मुकाबला नहीं

'धुरंधर 2' की तगड़ी कमाई के बाद अब दूसरी फिल्म अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी 'भूत बंगला' भी जल्द रिलीज होने वाली है। जिसे लेकर प्रियदर्शन को फिल्म की कमाई पर कोई संदेह नहीं है। हाल ही में पीटीआई को दिए अपने इंटरव्यू में फिल्ममेकर ने खुलकर अपनी आगामी फिल्म की जानकारी दी। साथ ही यह भी कहा कि 'धुरंधर 2' को आक्रामक सीन्स की वजह से बच्चों के साथ नहीं देख सकते मगर 'भूत बंगला' एक ऐसी फिल्म है जिसे आप बच्चों के साथ भी देख सकते हैं।

## क्यों बनाते हैं सिर्फ कॉमेडी फिल्में

निर्देशक प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ कई फिल्में की हैं। जिनमें हेरा फेरी, गरम मसाला और भूल भुलैया जैसी फिल्में हिट रही हैं। उन्होंने अपनी बातचीत में कहा, 'मैं सोचता हूं कि लोग अलग-अलग कहानियां देखना पसंद करते हैं। 'भूत बंगला'पूरी तरह से एक मनोरंजक फिल्म है। जो लोगों की रूचि और उनका मन लगा कर रखेगी। हमने फिल्म में किसी भी तरह का कोई डबल मीनिंग वाला शब्द नहीं रखा है। जिससे फिल्म को बच्चों के साथ भी देखा जा सकता है। इस बात को मैंने अपने करियर की शुरूआत से एक आदर्श बना कर रखा है। मैं इंटेंस ड्रामा वाली फिल्में बनाने से बचता हूं।'

## 'भूत बंगला' जल्द होगी रिलीज

'भूत बंगला' को लेकर प्रियदर्शन ने बताया कि इस फिल्म में भी कई ऐसे सीन हैं जो बेहद तनावपूर्ण हैं, लेकिन इसमें कई कॉमेडी सीन भी हैं। तो यह एक अच्छा संयोजन है। लोगों को दोनों पसंद आते हैं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार के साथ परेश रावल, तब्बू, वामिका गब्बी, मिथिला पालकर, राजपाल यादव और असरानी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'भूत बंगला' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com